**Set No. 1** | **17P/201/22** | Question Booklet No. 946

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | | | |

Roll No.
*(Write the digits in words)* ........2017........

Serial No. of OMR Answer Sheet ..........

Day and Date .......... ........ (Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only **blue/black ball-point pen** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 30 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. **On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.**
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR Sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle* in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं]

(No. of Printed Pages : 44+2

M.Com. Code No. (470)

2017

17P/201/22/Set No. 1

**No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 120**

**Time/समय** : 2 Hours/घण्टे **Full Marks/पूर्णांक** : 360

**Note :** (1) **Attempt as many questions as you can. Each question carries 3 marks. One** mark will be deducted for each incorrect answer. **Zero mark** will be awarded for each unattempted question.

**अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक** गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा। प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose **the closest one.**

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

1. What is the maximum number of partners in a firm carrying on banking business?

बैंकिंग व्यवसाय कर रही एक फर्म में अधिकतम साझेदारों की संख्या क्या है?

(1) 7 (2) 10 (3) 20 (4) 25

**2.** Which one of the following documents defines the relation of the company with outsider?

(1) Memorandum of Association (2) Articles of Association

(3) Prospectus (4) Statement in lieu of Prospectus

निम्नलिखित में से किस प्रलेख द्वारा कम्पनी का बाहरी व्यक्ति से सम्बन्ध परिभाषित होता है?

(1) पार्षद सीमा नियम (2) पार्षद अन्तर्नियम

(3) प्रविवरण पत्र (4) स्थानापन्न प्रविवरण पत्र

**3.** In which of the following combination firms maintain their entity separate?

(1) Federation (2) Cartel

(3) Full consolidation (4) Partial consolidation

निम्नलिखित में से किस संयोजन में फर्म अपना पृथक अस्तित्व कायम रखता है?

(1) परिसंघ में (2) कार्टेल में

(3) पूर्ण समेकन में (4) आंशिक समेकन में

**4.** Which one of the following is not exactly a form of business combination?

(1) Holding Company (2) Tariff Pool

(3) Partnership (4) Amalgamation

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यावसायिक संयोजन का सही स्वरूप नहीं है?

(1) नियंत्रक कम्पनी (2) टैरिफ पूल (3) साझेदार (4) एकीकरण

5. Max Weber is associated with

(1) Bureaucracy Theory
(2) Scientific Management Theory
(3) Administrative Theory
(4) Classical Theory

मैक्स वेबर सम्बन्धित हैं

(1) नौकरशाही सिद्धान्त से
(2) वैज्ञानिक प्रबन्ध सिद्धान्त से
(3) प्रशासनिक सिद्धान्त से
(4) पुरातन सिद्धान्त से

6. Which one of the following is the main advantage of functional organisation?

(1) Simplicity (2) Expert advice (3) Specialization (4) Experience

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यात्मक संगठन का मुख्य लाभ है?

(1) सरलता (2) प्रवर सलाह (3) विशिष्टता (4) अनुभव

7. The order of command that flows from top to bottom is known as

(1) centralisation
(2) decentralisation
(3) scalar chain
(4) unity of direction

समादेश का क्रम जो ऊपर से नीचे जाता है, उसे कहते हैं

(1) केन्द्रीयकरण (2) विकेन्द्रीकरण (3) सोपान शृंखला (4) निर्देश की एकता

8. Who has said, "To manage is to forecast and plan, to organise, to command, to coordinate and to control"?

(1) Koontz and O'Donnell
(2) Henri Fayol
(3) F. W. Taylor
(4) Peter F. Drucker

किसने कहा, "प्रबन्ध से आशय भविष्यवाणी करने, योजना बनाने, संगठित करने, निर्देश देने, समन्वय करने एवं नियंत्रण करने से है"?

(1) कूण्ट्ज एवं ओडोनेल

(2) हेनरी फेयोल

(3) एफ० डब्ल्यू० टेलर

(4) पीटर एफ० ड्रकर

**9.** Management by objectives cannot be done

(1) without decentralisation of authority

(2) without delegation of authority

(3) without defining clearly the task to be performed

(4) without division of work

उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध नहीं हो सकता है

(1) अधिकार के विकेन्द्रीकरण के बिना

(2) अधिकार के भारार्पण के बिना

(3) किये जाने वाले कार्य को परिभाषित किये बिना

(4) कार्य के विभाजन के बिना

**10.** Which one of the following is the oldest form of organisation structure?

(1) Committee Organisation

(2) Matrix Organisation

(3) Functional Organisation

(4) Line Organisation

निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन ढाँचे का पुरातन स्वरूप है?

(1) समिति संगठन (2) मैट्रिक्स संगठन (3) कार्यात्मक संगठन (4) रेखा संगठन

**11.** Direct authority exercised by a superior over his subordinate is called

(1) staff authority (2) concurrent authority

(3) functional authority (4) line authority

वरिष्ठ के द्वारा अधीनस्थ पर प्रत्यक्ष अधिकार का प्रयोग में लाना कहा जाता है

(1) स्टाफ अधिकार (2) समवर्ती अधिकार

(3) कार्यात्मक अधिकार (4) रेखा अधिकार

**12.** Which one of the following is a principle of directing?

(1) Principle of managerial appraisal

(2) Principle of management development

(3) Principle of job definition

(4) Principle of managerial communication

निम्नलिखित में से कौन-सा निर्देशन का सिद्धान्त है?

(1) प्रबन्धकीय मूल्यांकन का सिद्धान्त (2) प्रबन्ध विकास का सिद्धान्त

(3) कार्य परिभाषा का सिद्धान्त (4) प्रबन्धकीय सम्प्रेषण का सिद्धान्त

**13.** A void agreement is one which is

(1) valid but not enforceable

(2) enforceable at the option of both the parties

(3) enforceable

(4) not enforceable in the court of law

एक शून्य करार जो

(1) विधिमान्य है परन्तु प्रवर्तनीय नहीं है

(2) दोनों पक्षकारों के विकल्प पर प्रवर्तनीय है

(3) एक पक्षकार के विकल्प पर प्रवर्तनीय है

(4) विधिक न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है

**14.** *A* agrees to pay Rs 1 lakh to *B* if he discovers treasure by magic is

(1) an illegal contract (2) a valid contract

(3) a void contract (4) a voidable contract

*A*, *B* को 1 लाख रुपया देने को राजी होता है यदि वह जादू द्वारा खजाना ढूंढ लेता है। ऐसा करार

(1) एक अविधिमान्य संविदा है (2) एक विधिमान्य संविदा है

(3) एक शून्य संविदा है (4) एक शून्यकरणीय संविदा है

**15.** Which one of the following statements is not correct as regards to a valid contract?

(1) Some consideration

(2) Free consent of the contracting parties

(3) Major and minor contracting parties

(4) A lawful object

एक विधिमान्य संविदा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) कुछ प्रतिफल (2) संविदा के पक्षकारों की स्वतंत्र सम्मति

(3) संविदा में वयस्क एवं अवयस्क पक्षकार (4) एक विधिमान्य उद्देश्य

**16.** The delivery of goods by one person to another as security for the repayment of a debt is known as

(1) bailment (2) pledge (3) hypothecation (4) mortgage

एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को ऋण के पुनर्भुगतान हेतु दी गई प्रतिभूति के रूप में, माल का परिदान कहलाता है

(1) उपनिधान (2) गिरवी

(3) आड़मान (hypothecation) (4) बन्धक

**17.** The meaning of the doctrine of *Caveat Emptor* is

(1) let the seller beware (2) let the buyer beware

(3) let the creditor beware (4) None of the above

केविएट एम्पटर सिद्धान्त का अर्थ है

(1) विक्रेता सावधान रहे (2) क्रेता सावधान रहे

(3) ऋणदाता सावधान रहे (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**18.** A stipulation in a contract of sale of goods whose violation by seller gives a right of recession to buyer is called

(1) guarantee (2) warranty (3) condition (4) term

माल विक्रय की संविदा में विक्रेता द्वारा शर्त का उल्लंघन करने पर क्रेता को संविदा त्यजन का अधिकार कहलाता है

(1) प्रतिभूति (2) वारंटी (3) शर्त (4) निबन्धन

**19.** The essence of a right of lien is to

(1) delivery the goods (2) regain the possession

(3) retain the possession (4) None of the above

धारणाधिकार के अधिकार का मर्मभूत तत्व है

(1) माल का परिदान (2) कब्जा या आधिपत्य को पुनःप्राप्त करना

(3) कब्जा या आधिपत्य को रोके रखना (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**20.** With a view to protect firm from any loss in emergency, a partner will act

(1) as a man of ordinary prudence

(2) as an agent of the firm

(3) as a master of the firm

(4) All of the above

आपातकाल में फर्म में हानि से सुरक्षा करने के उद्देश्य से फर्म का एक भागीदार

(1) एक सामान्य बुद्धिमान व्यक्ति की तरह से कार्य करेगा

(2) फर्म के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगा

(3) फर्म के मालिक के रूप में कार्य करेगा

(4) उपरोक्त सभी तरह से कार्य करेगा

**21.** A bill drawn in favour of a minor is

(1) void (2) valid

(3) valid but not negotiable (4) illegal

एक अवयस्क के पक्ष में लिखा गया बिल

(1) शून्य है (2) विधिमान्य है

(3) विधिमान्य है परन्तु परक्राम्य नहीं है (4) अविधिमान्य है

**22.** Which one of the following is not the characteristic of a negotiable instrument?

(1) It must be in writing

(2) It must be freely transferable

(3) It must be registered

(4) It must contain definite amount of money

निम्नलिखित में से कौन-सी परक्राम्य लिखत की विशेषता नहीं है?

(1) यह लिखित में होना चाहिए

(2) यह स्वतंत्र रूप से अन्तरणीय होना चाहिए

(3) यह रजिस्टर्ड होना चाहिए

(4) इसमें एक निश्चित रकम होनी चाहिए

**23.** The Charter or the Constitution of the Company is

(1) Articles of Association (2) Memorandum of Association

(3) Certificate of Incorporation (4) Prospectus

कम्पनी का चार्टर या संविधान है

(1) पार्षद अन्तर्नियम (2) पार्षद सीमा नियम

(3) निगमन का प्रमाणपत्र (4) प्रविवरण पत्र

**24.** The proper authority to call Extraordinary General Meeting of a Public Company is

(1) Registrar of the Companies

(2) Court

(3) Board of Directors of the Company

(4) Central Government

एक सार्वजनिक कम्पनी की असाधारण सामान्य सभा बुलाने के लिए उपयुक्त प्राधिकारी है

(1) कम्पनियों का रजिस्ट्रार (2) न्यायालय

(3) कम्पनी का निदेशक मडंल (4) केन्द्रीय सरकार

**25.** Banker's relation with customer in case of deposit a/c is that of

(1) debtor and creditor (2) lessor and lessee

(3) principal and agent (4) None of the above

जमा खाते के सन्दर्भ में बैंकर का ग्राहक से सम्बन्ध होता है

(1) ऋणी तथा ऋणदाता का (2) पट्टा देने वाला तथा पट्टा लेने वाला का

(3) प्रधान तथा अभिकर्त्ता का (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. The number of countries having membership of IFC at present is

अ०वि०नि० (IFC) में सदस्यता रखने वाले राष्ट्रों की संख्या वर्तमान समय में है

(1) 146 (2) 155 (3) 162 (4) 184

27. Which one of the following is not a liability for a Commercial Bank?

(1) Deposits
(2) Reserve Fund
(3) Bills Receivable
(4) Bills for Collection

एक वाणिज्यिक बैंक के लिये निम्नलिकित में से कौन-सा दायित्व नहीं है?

(1) जमायें
(2) कोष निधि
(3) प्राप्य बिल
(4) संग्रह के लिये बिल

28. Which one of the following should not be a principle of investment of a Commercial Bank?

(1) Principle of National Interest
(2) Principle of Marketability of Securities
(3) Principle of Risk-free Investment
(4) Principle of productivity of investment

निम्नलिखित में से कौन-सा एक वाणिज्यिक बैंक के विनियोग का सिद्धान्त नहीं होना चाहिए?

(1) राष्ट्रीय हित का सिद्धान्त
(2) प्रतिभूतियों की विपणनयोग्यता का सिद्धान्त
(3) जोखिम-मुक्त विनियोग का सिद्धान्त
(4) विनियोग की उत्पादकता का सिद्धान्त

**29.** Who is Regulator in respect of Regional Rural Banks?

(1) Sponsor Bank
(2) NABARD
(3) RBI
(4) Central Government

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के सन्दर्भ में नियामक कौन है?

(1) प्रायोजक बैंक
(2) नाबार्ड
(3) भारतीय रिजर्व बैंक
(4) केन्द्रीय सरकार

**30.** Which one of the following is not a quality of good money?

(1) General acceptability
(2) Durability
(3) Non-cognizability
(4) Portability

निम्नलिखित में से कौन-सा एक अच्छी मुद्रा का गुण नहीं है?

(1) सर्वग्राह्यता (2) टिकाऊपन (3) गैर-संज्ञेयता (4) वहनीयता

**31.** CRR attracts

(1) no interest
(2) interest @ 5%
(3) interest @ 2%
(4) Interest @ 1%

सी०आर०आर० (नकद कोषानुपात) पर देय है

(1) कोई ब्याज नहीं (2) ब्याज @ 5% (3) ब्याज @ 2% (4) ब्याज @ 1%

**32.** In the background of nature of investments, find out the odd from the following

(1) call money
(2) furniture
(3) discounting of bills
(4) investment in treasury bills

विनियोगों की प्रकृति के परिप्रेक्ष्य में, निम्नलिखित में से विषम को इंगित कीजिए

(1) याचना राशि (2) फर्नीचर

(3) बिलों की कटौती (4) कोषागार विपत्रों में विनियोजन

**33.** Gold Standard was adopted for the first time in

(1) England (2) America (3) Germany (4) France

स्वर्णमान सर्वप्रथम अपनाया गया था

(1) इंग्लैंड में (2) अमेरिका में (3) जर्मनी में (4) फ्रांस में

**34.** With reference to credit control methods, find out the odd from the following

(1) bank rate (2) statutory liquidity ratio

(3) moral suasion (4) open market operations

साख नियंत्रण विधियों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से विषम को ज्ञात कीजिए

(1) बैंक दर (2) वैधानिक तरलता कोषानुपात

(3) नैतिक दबाव (4) खुले बाजार की क्रियाएँ

**35.** Who shall be the natural guardian in case of married minor girl?

(1) Father or Mother (2) Father-in-law or Mother-in-law

(3) Husband (4) Any of the above

विवाहित अवयस्क लड़की की दशा में प्राकृतिक संरक्षक कौन होगा?

(1) पिता अथवा माता (2) ससुर अथवा सास

(3) पति (4) उपरोक्त में से कोई भी

**36.** Which one of the following agencies is dedicated for helping the poorest of the poor countries and is also called the 'Soft Loan Window' of the World Bank?

(1) IMF (2) IFC (3) IDA (4) WTO

निम्नलिखित में से कौन-सी एजेंसी गरीबो में भी गरीब राष्ट्रों की सहायता के लिए समर्पित है तथा जिसे विश्व बैंक की 'नरम ऋण खिड़की' भी कहा जाता है?

(1) आई०एम०एफ (आ०मु०को०) (2) आई०एफ०सी० (अ०वि०नि०)

(3) आई०डी०ए० (अ०वि०स०) (4) डब्ल्यू०टी०ओ० (वि०बै०सं०)

**37.** If a constant value 50 is subtracted from each observation of a set. The mean of the set is

(1) increased by 50 (2) decreased by 50

(3) not affected (4) *zero*

यदि किसी सेट के प्रत्येक प्रेक्षण में से एक नियत मान 50 घटाया जाता है, तो सेट का माध्य है

(1) 50 बढ़ा हुआ (2) 50 घटा हुआ (3) अपरिवर्तित (4) शून्य

**38.** Which one of the following relations among the location parameters does not hold?

(1) $Q_2$ = Median (2) $P_{50}$ = Median (3) $D_5$ = Median (4) $D_6$ = Median

निम्नलिखित में से कौन-सा सम्बन्ध लोकेशन प्राचलों के बीच धारण नहीं करता है?

(1) $Q_2$ = माध्यिका (2) $P_{50}$ = माध्यिका (3) $D_5$ = माध्यिका (4) $D_6$ = माध्यिका

**39.** A train covered the first 5 km of its journey at a speed of 30 km/h and next 15 km at a speed of 45 km/h. The average speed of the train was

एक रेलगाड़ी अपनी यात्रा का पहला 5 km, 30 km/h की चाल से पूरा किया तथा अगला 15 km, 45 km/h की चाल से पूरा किया। रेलगाड़ी की औसत चाल थी

(1) 35 km/h (2) 40 km/h (3) 32 km/h (4) 42 km/h

**40.** Coefficient of quartile deviation is given by the formula

चतुर्थांश विचलन गुणांक का सूत्र है

(1) $\frac{Q_3+Q_1}{Q_3-Q_1}$ (2) $\frac{Q_3+Q_1}{Q_1-Q_3}$ (3) $\frac{Q_3-Q_1}{Q_1-Q_3}$ (4) $\frac{Q_3-Q_1}{Q_3+Q_1}$

**41.** Mean deviation is minimum when deviations are taken from

(1) Mean (2) Median (3) Mode (4) Zero

माध्य विचलन न्यूनतम होता है जब विचलन लिए जाते हैं

(1) माध्य से (2) माध्यिका से (3) बहुलक से (4) शून्य से

**42.** If a constant value 5 is subtracted from each observation of a set, then variance is

(1) reduced by 5 (2) reduced by 25

(3) unaltered (4) increased by 25

यदि किसी सेट के प्रत्येक प्रेक्षण में से एक नियत मान 5 घटाया जाता है, तब प्रसरण है

(1) 5 घटा हुआ (2) 25 घटा हुआ (3) अपरिवर्तित (4) 25 बढ़ा हुआ

**43.** Most preferred value of homogeneity error $R$ in reference to index numbers is

सूचकांकों के सन्दर्भ में समरूपता त्रुटि $R$ का प्रायः अभिमान्य मान है

(1) 1 (2) 0 (3) $\infty$ (4) $-1$

**44.** The value of Gross National Product (GNP) and Net National Product (NNP) follow the relation

सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) तथा नेट राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) के मान निम्न सम्बन्ध का अनुसरण करते हैं

(1) GNP = NNP (2) GNP < NNP (3) GNP > NNP (4) GNP ≥ NNP

**45.** If all the subindices are equal to $P$, then the total index will be

(1) equal to $P$ (2) equal to 100 (3) equal to 1 (4) equal to 0

यदि सभी उपसूचकांक $P$ के बराबर हैं, तो कुल सूचकांक होगा

(1) $P$ के बराबर (2) 100 के बराबर (3) 1 के बराबर (4) 0 के बराबर

**46.** An Additive Model of time series with the components $T, S, C$ and $I$ is

घटकों $T, S, C$ तथा $I$ के साथ समय श्रेणी का एक योगात्मक मॉडल है

(1) $Y = T + S + C \times I$

(2) $Y = T + S \times C \times I$

(3) $Y = T + S + C + I$

(4) $Y = T + S \times C + I$

**47.** Most frequently used mathematical model of a time series is

(1) Additive Model

(2) Multiplicative Model

(3) Mixed Model

(4) All of the above

एक समय श्रेणी का प्रायः प्रयुक्त गणितीय मॉडल है

(1) योगात्मक मॉडल (2) गुणक मॉडल (3) मिश्रित मॉडल (4) उपरोक्त सभी

**48.** If $\rho = 1$, then relation between the two variables $X$ and $Y$ is

(1) $Y$ is proportional to $X$
(2) $Y$ is inversely proportional to $X$
(3) $Y$ is equal to $X$
(4) None of the above

यदि $\rho = 1$ है, तो दो चरों $X$ तथा $Y$ के बीच सम्बन्ध है

(1) $Y$, $X$ के समानुपाती है
(2) $Y$, $X$ के व्युत्क्रमानुपाती है
(3) $Y$, $X$ के बराबर है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**49.** According to Keynes, marginal efficiency of capital is the expected rate

(1) of return on financial assets
(2) of profit from real investment
(3) of rate of return on real investment
(4) of profit from financial investment

केन्स के अनुसार, पूँजी की सीमान्त कार्यक्षमता है प्रत्याशित दर

(1) वित्तीय परिसम्पत्तियों पर प्रतिफल की
(2) वास्तविक निवेश पर लाभ की
(3) वास्तविक निवेश पर प्रतिफल की
(4) वित्तीय निवेश पर लाभ की

**50.** If a linear consumption function passes through the origin, it means that

यदि रैखिक उपभोग फलन मूल बिन्दु से गुजरेगा, तो इसका तात्पर्य है

(1) APC = MPC (2) APC > MPC

(3) APC < MPC (4) APC = MPC = 0

**51.** Unbalanced growth strategy is based on

(1) external and internal economics

(2) spread and backwash effect

(3) backward and forward linkages

(4) increasing and constant returns to scale

असंतुलित संवृद्धि रणनीति आधारित है

(1) बाह्य तथा आन्तरिक मितव्ययताओं पर

(2) विस्तार तथा पश्चगामी प्रभावों पर

(3) पश्चगामी और अग्रगामी अनुबन्ध पर

(4) बढ़ते हुए तथा स्थिर पैमाने के प्रतिफल पर

**52.** Justice in taxation is ensured by applying the principle of

(1) equal absolute sacrifice (2) equi-proportinoal sacrifice

(3) equi-marginal sacrifice (4) None of the above

कराधान में न्याय किस सिद्धान्त के प्रयोग द्वारा सुनिश्चित होता है?

(1) समान समग्र त्याग (2) समान आनुपातिक त्याग

(3) समान सीमांत त्याग (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**53.** Select the pair of economists who first advocated canons of taxation and canons of public expenditure

(1) Adam Smith and Findlay Shirras

(2) R. A. Musgrave and R. N. Bhargava

(3) A. C. Pigou and David Ricardo

(4) Ursula Hicks and A. R. Prest

अर्थशास्त्रियों के उस जोड़े का चयन कीजिए जिन्होंने सर्वप्रथम कराधान के नियमों तथा सार्वजनिक व्यय के नियमों का प्रतिपादन किया

(1) एडम स्मिथ तथा फिन्डले शिराज (2) आर० ए० मस्ग्रेव तथा आर० एन० भार्गव

(3) ए० सी० पीगू तथा डेविड रिकार्डो (4) उर्सुला हिक्स तथा ए० आर० प्रेस्ट

**54.** The interest rate at which the Reserve Bank of India lends to Commercial Banks is termed as

(1) Repo Rate (2) Reverse Repo Rate

(3) Treasury Bill Rate (4) Bank Rate

जिस ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्य बैंकों को उधार देता है, कहलाता है

(1) रिपो दर (2) विपरीत रिपो दर (3) ट्रेजरी बिल दर (4) बैंक दर

**55.** The slope of the Price Consumption Curve (PCC) for a normal goods will be

(1) positive (2) negative (3) backward (4) vertical

एक सामान्य वस्तु के लिये कीमत उपभोग रेखा का ढलान होगा

(1) धनात्मक (2) ऋणात्मक (3) पीछे की ओर (4) अनुलम्ब

56. According to Cobb-Douglas production function, the elasticity of substitution is

(1) equal to unity (2) equal to zero

(3) equal to infinity (4) greater than one

कॉब-डगलस उत्पादन फलन के अनुसार, प्रतिस्थापन की लोच होती है

(1) इकाई के बराबर (2) शून्य के बराबर (3) अनन्त के बराबर (4) एक से अधिक

57. Who explained the importance of time elements in price determination, for the first time?

(1) Mrs. Joan Robinson (2) Chamberlain

(3) Marshall (4) Stigler

सर्वप्रथम किसने कीमत निर्धारण में समय कारकों का महत्त्व स्पष्ट किया?

(1) श्रीमती जोन रॉबिन्सन (2) चेम्बरलिन

(3) मार्शल (4) स्टिगलर

58. RTGS stands for

(1) Real Time Gross Settlement

(2) Rapid Time Gross Settlement

(3) Real Teller Google Settlement

(4) Regional Teller Google Settlement

आर०टी०जी०एस० से आशय है

(1) रीयल टाइम ग्रॉस सेटिलमेंट (2) रैपिड टाइम ग्रॉस सेटिलमेंट

(3) रीयल टैलर गुगल सेटिलमेंट (4) रीजनल टैलर गुगल सेटिलमेंट

59. Which of the following is likely to be the least important source of revenue for the Central Government in India for 2016–17 ?

(1) Union Excise Duties (2) Customs

(3) Income Tax (4) Corporate Tax

निम्नलिखित में से भारत में केन्द्र सरकार के लिये वर्ष 2016–17 में किस कर से आय न्यूनतम रहने की संभावना है?

(1) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (2) सीमा शुल्क

(3) आयकर (4) कॉर्पोरेट कर

60. For the financial year 2016–17, as a percentage of GDP, which of the following deficits is likely to be maximum?

(1) Revenue Deficit (2) Effective Revenue Deficit

(3) Fiscal Deficit (4) Primary Deficit

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिये जी०डी०पी० के प्रतिशत के रूप में निम्न में से कौन-सा घाटा सर्वाधिक रहने की संभावना है?

(1) राजस्व घाटा (2) प्रभावी राजस्व घाटा

(3) राजकोषीय घाटा (4) प्राथमिक घाटा

61. Information provided in the Financial Statements of a firm pertains to

(1) industry (2) individual business enterprise

(3) trade association (4) economy

एक फर्म के वित्तीय विवरणों में प्रदान की गयी सूचना सम्बन्धित होती है

(1) उद्योग
(2) व्यक्तिगत व्यवसाय उपक्रम
(3) व्यापार संघ
(4) अर्थव्यवस्था

**62.** The Sales Day Book records

(1) credit sales of merchandise
(2) cash sales of machinery
(3) credit sales of machinery
(4) cash sales of merchandise

विक्रय पुस्तक में लिखा जाता है

(1) वस्तुओं का उधार विक्रय
(2) मशीनरी का नकद विक्रय
(3) मशीनरी का उधार विक्रय
(4) वस्तुओं का नकद विक्रय

**63.** The source document used for recording entries in Purchase Day Book is

(1) credit notes sent out
(2) debit notes received
(3) invoice received
(4) invoice sent out

क्रय पुस्तक में लेखा करने के लिए ——— को आधार प्रपत्र माना जाता है।

(1) भेजा गया क्रेडिट नोट
(2) प्राप्त हुआ डेबिट नोट
(3) प्राप्त बीजक
(4) भेजा गया बीजक

**64.** Expenditure incurred on achieving a right to commence a business is a

(1) tangible capital expenditure
(2) intangible capital expenditure
(3) revenue expenditure
(4) deferred revenue expenditure

एक व्यवसाय को प्रारम्भ करने का अधिकार प्राप्त करने के लिए किया गया व्यय एक ——— होता है।

(1) मूर्त पूँजीगत व्यय

(2) अमूर्त पूँजीगत व्यय

(3) आगम व्यय

(4) स्थगित आगम व्यय

**65.** Which one of the following is an essential characteristic of an asset?

(1) An asset provides future benefits

(2) An asset is obtained at a cost

(3) An asset may not be viewed as infrastructure

(4) All assets are tangible

निम्नलिखित में से एक सम्पत्ति की कौन-सी महत्त्वपूर्ण विशेषता होती है?

(1) एक सम्पत्ति भविष्य में लाभ प्रदान करती है

(2) एक सम्पत्ति लागत पर प्राप्त होती है

(3) एक सम्पत्ति को संरचना के रूप में नहीं देखा जा सकता है

(4) सभी सम्पत्तियाँ मूर्त होती हैं

**66.** Which one of the following is correct?

(1) Gross profit + Purchases + Sales = Net profit

(2) Gross profit + Purchases + Administrative and other expenses = Net profit

(3) Gross profit + Sales + Administrative and other expenses = Net profit

(4) Gross profit – Administrative and selling expenses = Net profit

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(1) सकल लाभ + क्रय + विक्रय = शुद्ध लाभ

(2) सकल लाभ + क्रय + प्रशासनिक एवं अन्य व्यय = शुद्ध लाभ

(3) सकल लाभ + विक्रय + प्रशासनिक एवं अन्य व्यय = शुद्ध लाभ

(4) सकल लाभ – प्रशासनिक एवं विक्रय व्यय = शुद्ध लाभ

**67.** Receivable, that is, the amount due from a customer is a

(1) monetary current asset
(2) non-monetary current asset
(3) fixed asset
(4) fictitious asset

एक ग्राहक से प्राप्य धनराशि ——— एक सम्पत्ति होती है।

(1) मौद्रिक चालू सम्पत्ति
(2) गैर-मौद्रिक चालू सम्पत्ति
(3) स्थायी सम्पत्ति
(4) काल्पनिक सम्पत्ति

**68.** The determination of expenses for an accounting period is based on the principle of

(1) objectivity
(2) materiality
(3) matching
(4) periodicity

एक लेखांकन अवधि के लिए व्ययों का निर्धारण ——— सिद्धान्त पर आधारित होता है।

(1) वस्तुगत
(2) भौतिकता
(3) मिलान
(4) अवधिनिष्ठता

**69.** Interest on capital will be paid to the partners if provided for in the partnership deed but only out of

(1) profits
(2) reserves
(3) accumulated profits
(4) goodwill

साझेदारों को पूँजी पर ब्याज तभी प्रदान किया जाएगा जबकि साझेदारी संलेख में व्यवस्था हो परन्तु केवल

(1) लाभ से
(2) संचितियों से
(3) एकत्रित लाभों से
(4) ख्याति से

**70.** *A* and *B* are partners in a firm. They are entitled to get interest on their capitals but the net profit was not sufficient for this interest, then the net profit will be distributed among partners in

(1) agreed ratio
(2) profit sharing ratio
(3) equally
(4) capital ratio

*A* और *B* एक संस्था में साझेदार हैं। वे पूँजी पर ब्याज प्राप्त करने के लिए अधिकृत हैं परन्तु लाभ की धनराशि इसके लिए पर्याप्त नहीं है, तब साझेदारों में शुद्ध लाभ का वितरण होगा

(1) सहमत अनुपात में
(2) लाभ विभाजन अनुपात में
(3) बराबर-बराबर
(4) पूँजी अनुपात में

**71.** *A* and *B* are partners sharing profits in the ratio of 3:2. *C* was admitted with $\frac{1}{4}$ share in profit which he acquires equally from *A* and *B*. The new ratio will be

*A* और *B* साझेदार हैं तथा 3:2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं। *C* को लाभ में $\frac{1}{4}$ अंश के लिए प्रवेश दिया गया। वह *C* दोनों साझेदारों *A* और *B* से बराबर-बराबर प्राप्त करता है। नया अनुपात होगा

(1) 9:6:5
(2) 3:2:2
(3) 19:11:10
(4) 3:2:4

**72.** If, at the time of admission, some balance appears in Profit & Loss Account, it will be transferred to

(1) Revaluation A/c

(2) Profit & Loss Adjustment A/c

(3) All the Partners' Capital Accounts

(4) Old Partners' Capital Accounts

यदि प्रवेश के समय लाभ-हानि खाते में कुछ शेष होता है, तो उसे हस्तांतरित किया जाएगा

(1) पुनर्मूल्यांकन खाते को (2) लाभ-हानि समायोजन खाते को

(3) सभी साझेदारों के पूँजी खातों को (4) पुराने साझेदारों के पूँजी खातों को

**73.** Part of share that can be called at the time of liquidation is

(1) Reserved Capital (2) Authorised Capital

(3) Issued Capital (4) Capital Reserve

अंश पूँजी का वह भाग जिसकी माँग केवल कम्पनी के समापन पर ही की जा सकती है

(1) संचित पूँजी (2) अधिकृत पूँजी (3) निर्गमित पूँजी (4) पूँजी संचय

**74.** Which type of preference shares do not have right of additional profit?

(1) Irredeemable preference shares

(2) Redeemable preference shares

(3) Non-cumulative preference shares

(4) Profitless preference shares

अधिमान अंश जिन्हें अतिरिक्त लाभों से हिस्सा लेने का अधिकार प्राप्त नहीं है

(1) **अविमोचनीय अधिमान अंश** (2) विमोचनीय अधिमान अंश

(3) असंचयी अधिमान अंश (4) लाभ रहित अधिमान अंश

**75.** Which Section of the Companies Act, 1956 deals with minimum subscription?

(1) Section 69(1) (2) **Section 70(1)** (3) Section 59(1) (4) Section 65(1)

भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के किस धारा में न्यूनतम अभिदान को परिभाषित किया गया है?

(1) धारा 69(1) (2) धारा 70(1) (3) धारा 59(1) (4) धारा 65(1)

**76.** Profit on insurance policy for redemption of debenture is credited to

(1) Revenue Reserve Account (2) P & L Account

(3) Capital Reserve Account (4) **Debenture Redemption Account**

ऋणपत्र शोधन हेतु ली गई बीमा पॉलिसी का लाभ क्रेडिट किया जाता है

(1) आयगत संचय खाते में (2) लाभ-हानि खाते में

(3) पूँजीगत संचय खाते में (4) ऋणपत्र शोधन खाते में

**77.** In which Section of Companies Act, alteration of share capital is related

(1) Section 86 (2) Section 93 (3) Section 95 (4) Section 94

अंश पूँजी में परिवर्तन का अधिकार कम्पनी अधिनियम की किस धारा में वर्णित है?

(1) धारा 86 (2) धारा 93 (3) धारा 95 (4) धारा 94

**78.** *X* Ltd. proposed to shareholders to issue right share in the ratio of 4 : 1 of Rs 10 @ Rs 12. On the date of proposal market value of share is Rs 17. Find the value of right share

(1) Rs 7 (2) Rs 3 (3) Rs 12 (4) Rs 5

*X* लि० ने अपने अंशधारकों को 10 रु० प्रति अंश वाले हर 4 अंश पर 1 अंश 12 रु० प्रति अंश की दर पर लेने के अधिकार का प्रस्ताव किया। प्रस्ताव की तिथि पर अंशों का बाजार मूल्य 17 रु० प्रति अंश है। अधिकार अंश का मूल्य ज्ञात कीजिए

(1) 7 रु० (2) 3 रु० (3) 12 रु० (4) 5 रु०

**79.** Which one of the following debentures is not recorded in company's register?

(1) Secured Debenture (2) Bearer Debenture

(3) Convertible Debenture (4) Mortgage Debenture

निम्नलिखित में से कौन-सा ऋणपत्र कम्पनी के रजिस्टर में नहीं दर्शाया जाता है?

(1) रक्षित ऋणपत्र (2) वाहक ऋणपत्र

(3) परिवर्तनीय ऋणपत्र (4) बन्धक ऋणपत्र

**80.** Security Premium Account is —— at the time of issue of bonus share.

(1) debited (2) credited

(3) adjusted in P/L Account (4) adjusted in capital reserve

बोनस अंश निर्गमन के समय प्रब्याजि खाते को —— करते हैं।

(1) ऋणी (2) धनी

(3) लाभ-हानि खाते से समायोजित (4) पूँजी संचय खाते से समायोजित

**81.** Profit prior to incorporation is used for

(1) reduction of capital losses

(2) payment of dividend

(3) reduction of deferred expenditure

(4) reduction of revenue losses

समामेलन से पूर्व का लाभ प्रयोग किया जाता है

(1) पूँजीगत हानि को कम करने के लिए

(2) लाभांश भुगतान के लिए

(3) आस्थगित व्ययों को कम करने के लिए

(4) आयगत हानि को कम करने के लिए

**82.** Expenses on ESOP is recorded in

(1) Employee Benefit Expenses A/c

(2) Finance Cost

(3) Other Expenses A/c

(4) Manufacturing Cost

ESOP पर किया गया व्यय दर्शाया जाता है

(1) कर्मचारी हित व्यय खाता में

(2) वित्त लागत में

(3) अन्य व्यय खाता में

(4) उत्पादन लागत में

**83.** Public Limited Company cannot issue

(1) SWEAT Equity Share (2) Deferred Share

(3) Preference Share (4) Equity Share

सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी निर्गमित नहीं कर सकती है

(1) SWEAT समता अंश (2) स्थगित अंश

(3) पूर्वाधिकार अंश (4) समता अंश

**84.** Capital Redemption Reserve is used for

(1) writing off capital loss

(2) issuing of fully paid bonus share

(3) issue of equity share

(4) payment of dividend

पूँजी शोधन संचय प्रयोग की जाती है

(1) पूँजीगत हानि के अपलेखन के लिए

(2) पूर्णदत्त बोनस अंश के निर्गमन के लिए

(3) समता अंश के निर्गमन के लिए

(4) लाभांश भुगतान के लिए

**85.** Which Section of the Negotiable Instruments Act, 1881 defines a cheque?

पराक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 की कौन-सी धारा चैक को परिभाषित करती है?

(1) 5 (2) 6 (3) 7 (4) 8

**86.** Which is not a function of Central Bank?

(1) Regulator of currency
(2) Banker of the last resort
(3) Controller of credit
(4) Receiver of public deposits

कौन-सा कार्य एक केन्द्रीय बैंक की नहीं है?

(1) करेन्सी का नियामक
(2) अन्तिम सहारा बैंक
(3) साख का नियंत्रक
(4) सार्वजनिक जमा का प्रापक

**87.** The number of Schedules in the Provincial Insolvency Act is

प्रान्तीय दिवालिया अधिनियम में अनुसूचियों की संख्या है

(1) 2 (2) 4 (3) 8 (4) 16

**88.** In case of insolvency of a partnership firm, the private assets of a partner are available

(1) first for the distribution among his private creditors
(2) first for the distribution among the creditors of the firm
(3) neither for the distribution of any creditors
(4) None of these

साझेदारी फर्म के विघटन पर, साझेदार की निजी सम्पत्तियाँ उपलब्ध है

(1) सर्वप्रथम उसके स्वयं के लेनदारों में वितरण हेतु
(2) सर्वप्रथम फर्म के लेनदारों में वितरण हेतु
(3) न तो स्वयं के और नहीं फर्म के लेनदारों हेतु
(4) इनमें से कोई नहीं

89. If an asset comes to the knowledge after preparing Insolvency Accounts, it will be shown in

(1) List E of Statement of Affairs and left side of Deficiency Account

(2) List E of Statement of Affairs and right side of Deficiency Account

(3) List G of Statement of Affairs and right side of Deficiency Account

(4) Nowhere recorded

दिवालिया खाते बनाने के पश्चात् ज्ञात होने वाली सम्पत्ति को दर्शाया जाता है

(1) स्थिति विवरण की सूची E में एवं न्यूनता खाते की बायीं ओर

(2) स्थिति विवरण की सूची E में एवं न्यूनता खाते की दायीं ओर

(3) स्थिति विवरण की सूची G में एवं न्यूनता खाते की दायीं ओर

(4) कहीं पर भी उल्लेख नहीं

90. The expenses which are not departmental are charged to departments

(1) in the sales ratio

(2) in the ratio of assets employed thereto

(3) charged to general Profit & Loss Account

(4) None of these

वह व्यय जो विभागों से सम्बन्धित नहीं हैं, उन्हें अधिभारित किया जाता है

(1) विक्रय अनुपात में

(2) उनमें समायोजित परिसम्पत्तियों के अनुपात में

(3) सामान्य लाभ-हानि खाते में भारित करना

(4) इनमें से कोई नहीं

**91.** In case of independent branch, the Head Office Account maintained by the branch is of the nature of

(1) Real Account (2) Personal Account

(3) Nominal Account (4) Capital Account

स्वतंत्र शाखा की दशा में शाखा द्वारा बनाया गया प्रधान कार्यालय खाते की प्रकृति है

(1) वास्तविक खाता (2) वैयक्तिक खाता (3) नाम-मात्र खाता (4) पूँजी खाता

**92.** In foreign branch, fixed assets shall be converted at

(1) opening rate of exchange (2) average rate of exchange

(3) rate on the date of purchase (4) None of these

विदेशी शाखा की स्थिति में अचल सम्पत्तियों को बदला जाता है

(1) प्रारम्भिक विनिमय दर पर (2) औसत विनिमय दर पर

(3) क्रय की तिथि वाली दर पर (4) इनमें से कोई नहीं

**93.** By what rate, the balance of Head Office Account is converted in foreign branch?

(1) Opening rate (2) Closing rate (3) Average rate (4) None of these

विदेशी शाखा में मुख्यालय खाते का शेष किस विनिमय दर पर परिवर्तित किया जाता है?

(1) प्रारम्भिक दर पर (2) अन्तिम दर पर (3) औसत दर पर (4) इनमें से कोई नहीं

**94.** Royalty is in the nature of

(1) Venture Capital (2) Rental Capital

(3) Working Capital (4) Partners' Capital

अधिकार-शुल्क की प्रकृति है

(1) साहस पूँजी (2) किराया पूँजी (3) कार्यशील पूँजी (4) साजेदारों की पूँजी

**95.** Royalty is the consideration payable for the use of special right

(1) in a tangible asset only

(2) in an intangible asset only

(3) in a tangible asset or an intangible asset both

(4) for acquiring public property

अधिकार-शुल्क एक विशेष प्रकार के अधिकार को निम्नांकित में प्रयुक्त करने का प्रतिफल है

(1) केवल स्पर्शनीय सम्पत्ति को

(2) केवल अस्पर्शनीय सम्पत्ति को

(3) स्पर्शनीय एवं अस्पर्शनीय दोनों सम्पत्तियों में

(4) सार्वजनिक सम्पत्ति प्राप्त करने हेतु

**96.** Shortworking is equal to

(1) Royalty – Minimum Rent (2) Minimum Rent – Royalty

(3) Royalty + Surplus (4) Minimum Rent

लघुकार्य राशि बराबर है

(1) अधिकार-शुल्क – न्यूनता किराया
(2) न्यूनता किराया – अधिकार-शुल्क
(3) अधिकार-शुल्क + आधिक्य
(4) न्यूनता किराया

**97.** "Higher the ratio, the more favourable it is." This does not apply to

(1) Net Profit Ratio
(2) Stock Turnover
(3) Operating Ratio
(4) None of these

"अनुपात जितना ही ऊँचा होता है, उतना ही अनुकूल होता है।" यह लागू नहीं होता है

(1) शुद्ध लाभ अनुपात पर
(2) स्कन्ध आवर्त पर
(3) संचालन अनुपात पर
(4) इनमें से कोई नहीं

**98.** Operating Ratio is

(1) Profitability Ratio
(2) Activity Ratio
(3) Solvency Ratio
(4) Liquidity Ratio

संचालन अनुपात है

(1) लाभदायकता अनुपात
(2) क्रियाशीलता अनुपात
(3) शोधन क्षमता अनुपात
(4) तरलता अनुपात

**99.** Price-earning ratio is useful to

(1) short-term creditors
(2) investors in shares
(3) debenture holders
(4) None of the above

मूल्य-अर्जन अनुपात अर्थपूर्ण होता है

(1) अल्पकालीन लेनदारों के लिये
(2) अंशों में विनियोक्ताओं के लिये
(3) ऋणपत्रधारियों के लिये
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**100.** Return on investment is ratio between

(1) net profit and capital employed
(2) investment and profit
(3) turnover and capital employed
(4) capital and assets

विनियोग पर प्रत्याय अनुपात होता है

(1) शुद्ध लाभ एवं लगायी गई पूँजी के बीच
(2) विनियोग एवं लाभ के बीच
(3) आवर्त एवं लगायी गई पूँजी के बीच
(4) पूँजी एवं सम्पत्ति के बीच

**101.** Average payment period is 2·4 months, hence creditors turnover will be

(1) 6 times
(2) 5 times
(3) 3 times
(4) None of the above

औसत भुगतान अवधि 2·4 माह है, तो लेनदार आवर्त होगा

(1) 6 गुना
(2) 5 गुना
(3) 3 गुना
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**102.** No. of equity shares 3000, dividend per equity share Rs 2, earning per equity share Rs 5, hence payout ratio is

समता अंशों की संख्या 3000, प्रति समता अंश लाभांश 2 रु०, प्रति समता अंश आय 5 रु०, अतः भुगतान अनुपात है

(1) 40% (2) 10% (3) 30% (4) 20%

**103.** Purchase of equipment in exchange of shares will amount to

(1) sources of cash
(2) uses of cash
(3) effect on working capital
(4) None of these

अंशों के बदले उपकरण का क्रय होता है

(1) रोकड़ का स्रोत
(2) रोकड़ का प्रयोग
(3) कार्यशील पूँजी पर प्रभाव
(4) इनमें से कोई नहीं

**104.** Preparation of Cash Flow Statement according to AS-3 is mandatory to

(1) all enterprises
(2) companies listed on a stock exchange
(3) enterprises having turnover less than Rs 50 crore
(4) All of the above

लेखांकन मानक-3 के अनुसार रोकड़ प्रवाह विवरण बनाना आदेशात्मक है

(1) सभी उपक्रमों को
(2) स्कन्ध विपणि पर सूचीयत कम्पनियों को
(3) 50 करोड़ रु० से कम की बिक्री वाले उपक्रमों को
(4) उपरोक्त सभी को

**105.** Which one of the following is not treated as use of fund?

(1) Loss from operation
(2) Payment of dividend in cash
(3) Redemption of capital in cash
(4) Sale of fixed assets in cash

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार कोष का उपयोग नहीं माना जा सकता?

(1) संचालन से हानि
(2) लाभांश का नकद भुगतान
(3) पूँजी का नकद में शोधन
(4) नकद में स्थायी सम्पत्ति का विक्रय

**106.** Which one of the following Governments in India followed the education of Accountancy first?

(1) Government of Delhi
(2) Government of Uttar Pradesh
(3) Government of Mumbai
(4) Government of Tamil Nadu

भारत में लेखाकर्म शिक्षा की शुरूआत सर्वप्रथम किस सरकार ने किया?

(1) दिल्ली सरकार
(2) उत्तर प्रदेश सरकार
(3) मुम्बई सरकार
(4) तमिलनाडु सरकार

**107.** Addition of books comes under the scope of

(1) Routine checking
(2) Vouching
(3) Auditing
(4) None of these

बहियों को जोड़ निकालना ——— के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

(1) नैत्यक जाँच
(2) प्रमाणन
(3) अंकेक्षण
(4) इनमें से कोई नहीं

**108.** Work to be performed after the preparation of Final Accounts is

(1) valuation
[illegible] ication
(3) vouching
(4) checking of Ledger

अन्तिम लेखे बन जाने के पश्चात् किया जाने वाला कार्य है

(1) मूल्यांकन (2) सत्यापन

(3) प्रमाणन (4) खाताबही की जाँच

**109.** Which of these is not a material control technique?

(1) ABC Analysis

(2) Fixation of raw material levels

(3) *Maintaining* Stores Ledger

(4) Control over slow moving and nonmoving items

निम्नांकित में से कौन-सी सामग्री नियंत्रण विधि नहीं है?

(1) ABC विश्लेषण

(2) कच्चेमाल का स्तर निर्धारित करना

(3) स्टोर लेजर बनाये रखना

(4) धीमी गति से चलने वाली तथा न चलने (स्थिर) वाली सामग्री पर नियंत्रण

**110.** *Stores Ledger* is a

(1) quantitative as well as valuewise records of material received, issued and balance

(2) quantitative record of material received, issued and balance

(3) valuewise record of material received, issued and balance

(4) a record of

स्टोर्स लेजर होता है

(1) प्राप्त हुई, निर्गमित हुई तथा शेष सामग्री की मात्रा उनके मूल्य का हिसाब किताब

(2) प्राप्त हुई, निर्गमित हुई तथा शेष सामग्री का हिसाब किताब

(3) प्राप्त हुई, निर्गमित हुई तथा शेष सामग्री के मूल्य का हिसाब किताब

(4) श्रमिकों की हाजिरी का रिकॉर्ड

**111.** Reorder level is calculated as

(1) Average daily usage rate × Lead time in days

(2) Minimum consumption × Minimum reorder period

(3) ½ of (Minimum + Maximum consumption)

(4) Maximum level – Minimum level

पुनःआदेश स्तर की गणना कैसे की जाती है?

(1) दैनिक औसत उपयोग दर × सुपुर्दगी (लीड) समय दिनों में

(2) न्यूनतम खपत × न्यूनतम पुनःआदेश अवधि

(3) ½ (न्यूनतम + अधिकतम उपभोग)

(4) अधिकतम स्तर – न्यूनतम स्तर

**112.** In case of rising prices, LIFO will

(1) provide lowest value of closing stock and profit

(2) provide highest value of closing stock and profit

(3) provide highest value of closing stock but lowest value of profit

(4) provide highest value of profit but lowest value of closing stock

मूल्य बढ़ते रहने की दशा में, लीफो का प्रभाव होगा

(1) अन्तिम रहतिया तथा लाभ सबसे कम मूल्य पर दिखेगा

(2) अन्तिम रहतिया तथा लाभ अधिकतम मूल्य पर दिखेगा

(3) अन्तिम रहतिया अधिकतम मूल्य पर किन्तु लाभ न्यूनतम मूल्य पर दिखेगा

(4) लाभ अधिकतम मूल्य पर किन्तु अन्तिम रहतिया न्यूनतम मूल्य पर दिखेगा

**113.** Which one of the following is not a method of cost absorption?

(1) Percentage of direct material cost

(2) Machine hour rate

(3) Labour hour rate

(4) Repeated distribution method

निम्नलिखित में से कौन लागत अवशोषण की विधि नहीं है?

(1) प्रत्यक्ष सामग्री लागत का प्रतिशत (2) मशीन घंटा दर

(3) श्रम घंटा दर (4) बारम्बार वितरण विधि

**114.** In the process costing, if an abnormal loss arises, the process account is generally

(1) debited with the scrap value of the abnormal loss units

(2) debited with the full production cost of the abnormal loss units

(3) credited with the scrap value of the abnormal loss units

(4) credited with the full production cost of the abnormal loss units

प्रक्रिया लागत लेखाविधि में यदि असामान्य हानि उत्पन्न होता है, तो प्रक्रिया खाते को सामान्यतया

(1) असामान्य हानि इकाइयों के अवशेष मूल्य से डेबिट किया जाता है

(2) असामान्य हानि इकाइयों के पूर्ण उत्पादन लागत से डेबिट किया जाता है

(3) असामान्य हानि इकाइयों के अवशेष मूल्य से क्रेडिट किया जाता है

(4) असामान्य हानि इकाइयों के पूर्ण उत्पादन लागत से क्रेडिट किया जाता है

**115.** Which one of the following has no tax incentive under IT Act?

(1) Depositing Rs 10,000 in PPF A/c

(2) Payment of Rs 7,500 for Mediclaim Policy

(3) Depositing Rs 50,000 in fixed deposit in SBI for period of 3 years

(4) Payment of EMI on house building advance taken from employer

निम्नलिखित में से किस पर आयकर विधान के अन्तर्गत छूट उपलब्ध नहीं है?

(1) पी०पी०एफ० खाते में 10,000 रु० जमा करना

(2) मेडीक्लेम पॉलिसी के 7,500 रु० का चेक से भुगतान.

(3) एस०बी०आई० में 50,000 रु० 3 वर्ष के लिये सावधि जमा

(4) नियोक्ता से लिये गये भवन निर्माण ऋण पर इ०एम०आई० की अदायगी

**116.** Who is not an assessee?

(1) A person who files the self-assessment return

(2) A person who files the return of income on behalf of minor

(3) A person who has to take refund of income tax from IT Department

(4) A person whose income is below the exemption limit

निम्नलिखित में से कौन करदाता नहीं है?

(1) व्यक्ति जो स्व-कर-निर्धारण रिटर्न दाखिल करता है

(2) व्यक्ति जो अवयस्क की तरफ से रिटर्न दाखिल करता है

(3) व्यक्ति जिसे आयकर विभाग से आयकर की वापसी लेना है

(4) व्यक्ति जिसकी आय करमुक्त सीमा से नीचे है

**117.** In the case of Government employees, the Entertainment Allowance is allowed as deduction to the extent of

(1) Rs 5,000

(2) Rs 5,000 or 1/5th of salary whichever is less

(3) Rs 5,000 or 1/4th of salary whichever is less

(4) No deduction

सरकारी कर्मचारी की दशा में, मनोरंजन भत्ता किस सीमा तक कटौती योग्य होता है?

(1) 5,000 रु० तक

(2) 5,000 रु० अथवा वेतन का $\frac{1}{5}$ दोनों में जो कम हो

(3) 5000 रु० अथवा वेतन का $\frac{1}{4}$ दोनों में जो कम हो

(4) कोई कटौती नहीं

**118.** Depreciation on plant and machinery under IT Act is allowed on the basis of

(1) Straight Line Method

(2) Written Down Value Method

(3) Insurance Policy Method

(4) Any method as per the choice of the assessee

आयकर विधान में प्लांट तथा मशीनरी पर ह्रास किस विधि से स्वीकृत किया जाता है?

(1) सीधी रेखा विधि द्वारा
(2) गिरते मूल्य विधि द्वारा
(3) बीमा पॉलिसी विधि द्वारा
(4) करदाता के पसंद से किसी विधि द्वारा

**119.** For the Assessment Year 2015–16, the maximum amount of interest on loan taken for the construction of house, allowed as deduction on self-occupied house is

(1) Rs 30,000
(2) Rs 1,00,000
(3) Rs 1,50,000
(4) Rs 2,00,000

कर-निर्धारण वर्ष 2015–16 के लिये निजी आवास हेतु लिये गये भवन निर्माण ऋण पर अधिकतम ब्याज राशि जिस पर छूट मिल सकता है, वह है

(1) 30,000 रु०
(2) 1,00,000 रु०
(3) 1,50,000 रु०
(4) 2,00,000 रु०

**120.** Under Section 80 TTA of IT Act, the maximum amount of deduction allowed is

(1) Rs 1,000
(2) Rs 3,000
(3) Rs 5,000
(4) Rs 10,000

आयकर की धारा 80 TTA के अन्तर्गत अधिकतम स्वीकृत छूट है

(1) 1,000 रु०
(2) 3,000 रु०
(3) 5,000 रु०
(4) 10,000 रु०

***

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण-पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली या काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 30 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।

3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। ***इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा, केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***

4. अपना *अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।*

5. **उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।**

6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक सं० और ओ० एम० आर० पत्र सं० की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।

7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।

8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। ***प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***

9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।

10. ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का ***उत्तर नहीं देना चाहते हैं,*** तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।

11. रफ़ कार्य के लिये प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अन्दर वाले पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।

12. परीक्षा के उपरान्त केवल ***ओ०एम०आर० उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।

13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।